# बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना
## तकनीकी निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File No.- BMSIC/75030/16-2024 NIT No.-BMSICL/Infra/19/2024

आज दिनांकः–18/11/2024 को बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना के सभाकक्ष में उपरोक्त NIT-19/2024 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु प्राप्त तकनीकी बिड के मूल्यांकन एवं निष्पादन हेतु निविदा समिति की बैठक मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिएः–

(1) श्री इम्तियाज अहमद, मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना–अध्यक्ष
(2) संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना– सदस्य (अनुपस्थित)
(3) श्री राम मोहन सिंह, महाप्रबन्धक (परियोजना), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(4) श्री हरेन्द्र राम, महाप्रबन्धक (प्रोक्युरमेंट), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(5) श्री प्रिय रंजन राजू, प्रभारी आधारभूत संरचना, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना–सदस्य
(6) श्री रमेन्द्र कुमार, महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(7) श्री, रामा शंकर प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(8) श्री, मनीष कुमार, उप महाप्रबन्धक (निविदा), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य

निगम द्वारा निविदा आमंत्रण संख्या–BMSICL/Infra/19/2024, दिनांकः–18/09/2024 के द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु ई–टेंडर पद्धति से निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा के प्रकाशन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक सं0– BMSIC/75030/16-2024/5249 दिनांकः–18/09/2024 द्वारा निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पटना को राज्य के प्रमुख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु अनुरोध किया गया। फलस्वरूप सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन दिनांकः–20/09/2024 को हिन्दुस्तान एवं अन्य समाचार पत्रों में किया गया, जिसका विज्ञापन संख्या–PR-008553 (B & C) 2024–25 है। निविदा के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु उक्त निविदा का प्रकाशन निगम के वेबसाईट www.bmsicl.gov.in एवं https://eproc2.bihar.gov.in पर भी किया गया।

निविदा आमंत्रण के पश्चात् विभिन्न निविदादाताओं से प्राप्त निविदाओं को ई–प्रोक्यूरमेंट 2 के वेबसाईट पर दिनांकः–04/10/2024 को खोला गया। निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा दस्तावेज में वर्णित शर्तो के आलोक में प्राप्त निविदाओं को तकनीकी तुलनात्मक विवरणी के आधार पर समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए :–

**ग्रुप संख्याः–01 सदर अस्पताल सिवान में 100 शैय्या वाले MCH Wing के भवन का निर्माण कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 19,88,15,980/- (उन्नीस करोड़ अठासी लाख पन्द्रह हजार नौ सौ अस्सी रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 12 माहः–** इस कार्य हेतु दो निविदाएँ प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

1.1 **M/S MAA VINDHYAWASINI ENTERPRISES, RANCHI** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

1.2 **SANJEEV KUMAR, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

**ग्रुप संख्याः–02 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चैनपुर सिसवन जिला–सिवान में 50 शैय्या वाले प्री–फैब फिल्ड के निर्माण कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 3,31,07,172/- (तीन करोड़ इकतीस लाख सात हजार एक सौ बहत्तर रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 04 माहः–**

इस कार्य हेतु एकल निविदा प्राप्त हुई है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा एकल होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा करने की अनुशंसा की जाती है।

**ग्रुप संख्याः–03 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम–नंदा मुंडा, प्रखंड–सिसवन, जिला–सिवान के भवन निर्माण का अवशेष कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 85,79,105/- (पचासी लाख उनासी हजार एक सौ पाँच रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 06 माहः–** इस कार्य हेतु तीन निविदाएँ प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

3.1 **BRAJESH KUMAR, PATAN** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

3.2 **GANGA SERVICES, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा द्वारा समर्पित अभिलेख के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के द्वारा समरूप कार्य के लिए अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना था, परंतु निविदादाता द्वारा निविदा अभिलेख के साथ जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है जो मान्य नहीं है।

अतः उक्त निविदादाता से उपरोक्त बिन्दु पर **Clarification** प्राप्त करने का अनुशंसा किया गया।

3.3 **BHASKAR CONSTRUCTION, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

**उपर्युक्त वर्णित कार्य के संबंध में समिति द्वारा यह भी अनुशंसा किया गया कि तकनीकी निविदा समिति की इस कार्यवाही को दावा/आपत्ति हेतु e-proc 2 एवं निगम के बेवसाईट पर अपलोड किया जाय एवं दिनांक– 22.11.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऊपर वर्णित निविदा से संबंधित किसी प्रकार के अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त होने पर पुनः तकनीकी निविदा समिति के समक्ष लाया जाय एवं अभ्यावेदन/आपत्ति अप्राप्त रहने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त करते हुए तकनीकी सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोले जाने की कार्रवाई की जा सकती है।**

अन्त में समिति की बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।

अनुलग्नक–तुलनात्मक विवरणी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sd/-<br>(मनीष कुमार)<br>उप महाप्रबंधक (निविदा) | Sd/-<br>(रामा शंकर प्रसाद)<br>उप महाप्रबंधक (मुख्यालय)<br>BMSICL, Patna | Sd/-<br>(रमेन्द्र कुमार)<br>महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा),<br>BMSICL, Patna | Sd/-<br>(राम मोहन सिंह)<br>महाप्रबंधक (परियोजना)<br>BMSICL, Patna |
| Sd/-<br>(प्रिय रंजन राजू)<br>प्रभारी आधारभूत संरचना,<br>राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना | Sd/-<br>(हरेन्द्र राम)<br>महाप्रबन्धक (प्रोक्युरमेंट)<br>BMSICL, Patna | ABS/-<br>संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि,<br>स्वास्थ्य विभाग बिहार पटना | Sd/-<br>(इम्तियाज अहमद)<br>मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना)<br>BMSICL, Patna |